मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-318
18/06/2020

बिहार विभूति डॉ0 अनुग्रह नारायण सिंह को उनकी जयंती पर किया गया नमन

पटना 18 जून 2020 :– बिहार विभूति डॉ0 अनुग्रह नारायण सिंह की जयंती पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। बिहार विधानमंडल परिसर स्थित डॉ0 अनुग्रह नारायण सिंह की आदमकद प्रतिमा पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उन्हें शत्–शत् नमन किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, मिजोरम के पूर्व राज्यपाल श्री निखिल कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बिहार विभूति डॉ0 अनुग्रह नारायण सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन एवं भजन प्रस्तुत किया गया।

******